बिगड़ी सँवारी प्रभु

सब पे तेरी दया का नूर बरस रहा है,
फिर क्यूँ दयालु ये दास तरस रहा है।
देखकर दशा मुझ दीन की,ना किनारा कीजिये ,
मेरी भी होगी सुनाई इतना तो इशारा कीजिये।

तूने लाखों की-2 बिगड़ी सँवारी प्रभु '
कब आएगी बतादो मेरी बारी प्रभु ,
मेरी बारी प्रभु इक बारी प्रभु ,
कब आएगी बतादो मेरी बारी प्रभु।

सब्र करने की बाबा इन्तेहां हो गयी-2
धीर धरने की अब मुझमें शक्ति नहीं ,
मेरी ओर-2 ज़रा देखो एक बारी प्रभु ,
कब आएगी बतादो मेरी बारी प्रभु।

तेरी रहमत अगर हो जाएगी -2 ,
सूखी डाली हरी हो जाएगी ,
अब खिलादो-3 मेरी भी फुलवारी प्रभु ,
कब आएगी बतादो मेरी बारी प्रभु।

अपना सुख दुःख तुझी को सुनाया है -2
तेरे आगे ही हाथों को फैलाया है ,
मेरी तुमसे-3 ही है रिश्तेदारी प्रभु।
कब आएगी बतादो मेरी बारी प्रभु।

माधव खाली जो चौखट से जाऊंगा-2
कैसे मुँह मैं जहां को दिखाऊंगा ,
तेरे कन्धों पे सारी जिम्मेदारी प्रभु।
कब आएगी बतादो मेरी बारी प्रभु।

मेरी बारी प्रभु इक बारी प्रभु ,
कब आएगी बतादो मेरी बारी प्रभु -2।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33146/title/bigadi-snvaari-prabhu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |